आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार एकांश

देहरादून (उत्तराखण्ड)

06.09.2026

**मुख्य समाचार :–**

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हरितालिका तीज उत्सव को सरकारी स्तर पर भव्य रूप से आयोजित करने की घोषणा की।
- राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विनय रुहेला ने लक्सर और खानपुर क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित गांवों में राहत एवं बचाव कार्यों की समीक्षा की।
- सचिव दीपक कुमार ने पौड़ी में मंडल एवं जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक में शासन की प्राथमिकताओं और विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा की।
- भारतीय सेना के कॉर्प्स ऑफ़ इंजीनियर्स की ओर से माउंट त्रिशूल के लिए एक पर्वतारोहण अभियान दल रवाना किया गया।

## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून के गढ़ी कैंट में गोर्खाली महिला हरितालिका तीज कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। श्री धामी ने कहा कि हरितालिका तीज माता पार्वती की तपस्या, विश्वास, समर्पण और शक्ति का प्रतीक है। ऐसे पारंपरिक पर्व नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति और जड़ों से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि माताएं और बहनें भाषा, लोक परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत की प्रमुख संरक्षक हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मातृशक्ति का सशक्तीकरण राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि हरितालिका तीज उत्सव को अब सरकारी स्तर पर और अधिक भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा।

## राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण

हरिद्वार जिले के लक्सर में राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विनय रुहेला की अध्यक्षता में मानसून एवं बाढ़ आपदा प्रबंधन एवं क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उपाध्यक्ष विनय रुहेला ने लक्सर एवं खानपुर क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित गांवों, राहत एवं बचाव कार्यों, जल निकासी, क्षति आकलन तथा पुनर्वास कार्यों की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आपदा से संबंधित शिकायतों का तत्काल और प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि राहत कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशानुसार जनपद की सभी सड़कें गड्ढा मुक्त होना सरकार की प्राथमिकता है, इसलिए जहां–जहां सड़कें क्षतिग्रस्त हैं, वहां तत्काल कार्यवाही की जाए।

## गृह मंत्री अमित शाह

गृह मंत्री अमित शाह ने वर्ष 2029 तक भारत को नशामुक्त बनाने के लिए अगले तीन वर्षों की रूपरेखा जारी की है। उन्होंने मादक पदार्थों के खिलाफ देशव्यापी समन्वित अभियान चलाने का आह्वान किया।

गोवा में गृह मंत्री ने कहा कि वर्ष 2019 से सरकार ने मादक पदार्थों की तस्करी पर कार्रवाई, खुफिया जानकारी साझा करने, वित्तीय जांच और पुनर्वास के उपायों को मजबूत किया है। वर्ष 2014 से 2024 के बीच 1.19 करोड़ किलो से अधिक मादक पदार्थ जब्त किए गए। इनकी कीमत करीब 1.89 लाख करोड़ रुपये है। इस दौरान 48.66 लाख किलो से अधिक मादक पदार्थ नष्ट किए गए। श्री शाह ने कहा कि यह रूपरेखा चार प्रमुख स्तंभों पर आधारित है। इनमें खुफिया जानकारी और अभियान आधारित कार्रवाई, नशीले पदार्थों के निर्माण में इस्तेमाल होने वाले रसायनों और सिंथेटिक ड्रग्स पर नियंत्रण, नशे की मांग और उससे होने वाले नुकसान को कम करना तथा क्षमता निर्माण और आपसी समन्वय शामिल हैं।

**चमोली**

चमोली के उच्च हिमालयी क्षेत्रों में स्थित बुग्यालो और पहाडियों में फेन कमल दिखने पर पर्यावरण प्रेमियों ने खुशी जताई है। चेनाप फूलों की घाटी ट्रैकिंग कर वापस लौटे पर्यावरणविद् चंदन नयाल नें बताया की इस बार चेनाप फूलों की घाटी में दुर्लभ हिमालयी पुष्प फेनकमल अच्छी संख्या में नजर आए है। बरसों बाद इतनी संख्या में फेनकमल का खिलना पर्यावरणीय दृष्टि से शुभ संकेत हैं। फेनकमल हिमालय में 4500 मीटर से 6000 मीटर तक की ऊचाई पर मिलता है। जो कि औषधीयुक्त भी होता है।

**पौड़ी सचिव**

संस्कृत शिक्षा, जनगणना एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन विभाग के सचिव दीपक कुमार ने पौड़ी में मंडल एवं जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक कर शासन की प्राथमिकताओं और विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने मुख्यमंत्री घोषणाओं को प्राथमिकता से पूरा करने, जनशिकायतों का शीघ्र निस्तारण करने तथा विकास कार्यों में गुणवत्ता और समयबद्धता बनाए रखने पर जोर दिया। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को

आपसी समन्वय से परिणामपरक कार्य करने को कहा। सचिव ने जनगणना की तैयारियों की समीक्षा करते हुए उन्होंने बताया कि दूसरा चरण शीघ्र शुरू होगा और इसके लिए सितंबर से प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ होंगे।

मुख्यमंत्री हेल्पलाइन की समीक्षा में सचिव ने लंबित शिकायतों पर नियमित नजर रखने और अधिक शिकायत वाले विभागों में तेजी से निस्तारण करने को कहा।

**रुड़की**

भारतीय सेना के कॉर्प्स ऑफ़ इंजीनियर्स की ओर से माउंट त्रिशूल के लिए एक पर्वतारोहण अभियान दल को रुड़की स्थित बंगाल इंजीनियर ग्रुप एंड सेंटर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस समारोह में सेना के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। सभा को संबोधित करते हुए, लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता ने अभियान टीम की शारीरिक फ़िटनेस, मानसिक मज़बूती और टीम भावना के उच्च स्तर की सराहना की। उन्होंने सैपर्स की रोमांच और पर्वतारोहण उपलब्धियों की शानदार विरासत पर प्रकाश डाला और नेतृत्व, सहनशक्ति, अनुशासन, टीम वर्क और सोच–समझकर जोखिम उठाने जैसे गुणों को विकसित करने में ऐसे अभियानों के महत्व के बारे में बताया। माउंट त्रिशूल गढ़वाल हिमालय में 7,120 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है।

**उत्तरकाशी**

उत्तरकाशी के सीमांत भटवाड़ी ब्लॉक के रैथल समेत पांच गांवों में पारंपरिक भेड़ मेला परंपरा और प्रकृति से जुड़ाव का प्रतीक है। हर साल आयोजित होने वाले इस मेले में ग्रामीण पारंपरिक रीति–रिवाजों के साथ भेड़–बकरियों और पशुधन की पूजा करते हैं। मान्यता है कि पशुधन गांव की खुशहाली और

आजीविका का अहम आधार है, इसलिए देवी–देवताओं का आशीर्वाद लेकर पशुओं और फसलों की सुख–समृद्धि की कामना की जाती है।

## टेबल टेनिस रैंकिंग प्रतियोगिता

पौड़ी में द्वितीय राज्य टेबल टेनिस रैंकिंग प्रतियोगिता–2026 का शुभारंभ हो गया है। इस प्रतियोगिता में प्रदेशभर से करीब 350 खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं। आयोजकों का दावा है कि देहरादून के बाहर पहली बार पौड़ी में टीम स्टेट रैंकिंग और स्टेट चौंपियनशिप आयोजित हो रही है। जिसका फायदा खेल में रुचि रखने वाले खिलाड़ी को मिलेगा। इस मौके पर जिलाधिकारी स्वाति एस भदौरिया ने कहा कि विद्यालयों में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है, जरूरत उन्हें पहचानकर बेहतर मंच और अवसर देने की है।